Bihar Board Class 6 Social Science History Solutions Chapter 9 प्रथम साम्राज्य

अभ्यास

प्रश्न 1.
वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

प्रश्न (क)
सम्राट अशोक कहाँ का शासक था?
(i) काशी
(ii) मगध
(iii) वैशाली
(iv) कलिंग
उत्तर-
(ii) मगध

प्रश्न (ख)
किसके उपदेश ने सम्राट अशोक को प्रभावित किया?
(i) महावीर
(ii) महात्मा बुद्ध
(iii) कन्फ्यूसियस
(iv) ईसा मसीह
उत्तर-
(ii) महात्मा बुद्ध

प्रश्न (ग)
अशोक के साम्राज्य में जनपदीय न्यायालय के न्यायाधीश को कहा जाता था –
(i) ग्रामक
(ii) समाहर्ता
(iii) पुरोहित
(iv) राजुक
उत्तर-
(iv) राजुक

प्रश्न (घ)
किस युद्ध की जीत के बाद अशोक का मन दुःख से भर गया?
(i) तक्षशिला
(ii) कलिंग
(iii) उज्जयिनी

https://www.evidyarthi.in/

(iv) सुवर्णगिरी
उत्तर-
(ii) कलिंग

प्रश्न (ङ)
सर्वप्रथम ब्राह्मी लिपि को किसने पढ़ा ?
(i) जेम्स प्रिंसेप
(ii) हेनरी
(iii) शैम्पेल्यो
(iv) वाणभट्ट
उत्तर-
(i) जेम्स प्रिंसेप

प्रश्न 2.
निम्नलिखित सही वाक्यों के आगे (✓) व गलत वाक्यों के आगे (✗) चिह्न लगायें।

1. तक्षशिला उत्तर-पश्चिम और मध्य के लिए आने-जाने का मार्ग था।
2. सम्राट अशोक ने अपने संदेश पुस्तकों में लिखवाये थे।
3. कलिंग बंगाल का प्राचीन नाम था।
4. अशोक के धम्म में पूजा-पाठ करना अनिवार्य था।
5. 1837 ई० में जेम्स प्रिंसेप नामक अंग्रेज विद्वान सर्वप्रथम ब्राह्मी लिपि को पढ़ा।
6. अशोक के प्रशासन में प्रांतों को जिलों में बाँटा गया था।

उत्तर-

1. ✓
2. ✗
3. ✗
4. ✗
5. ✓
6. ✓

प्रश्न 3.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में ‘द :

प्रश्न (i)
सम्राट अशोक की राजधानी कहाँ थी ?
उत्तर-
सम्राट अशोक की राजधानी पाटलीपुत्र थी ।

प्रश्न (ii)
आज कलिंग भारत के किस राज्य में है ?
उत्तर-

BiharBoardSolutions.com

https://www.evidyarthi.in/

आज कलिंग भारत के उड़ीसा राज्य में है।

प्रश्न (iii)
अशोक के धम्म में निहित एक अच्छी बात को लिखें ।
उत्तर-
राजा और उच्चपदाधिकारी हर क्षण प्रजा के हित के बारे में सोचें।

प्रश्न (iv)
राजस्व संग्रहकर्ता के क्या कार्य थे?
उत्तर-
राजस्व संग्रहकर्ता का काम 'कर' इकट्ठा करना था।

प्रश्न (v)
भारत का राष्ट्रीय चिह्न कहाँ से लिया गया है ?
उत्तर-
भारत का राष्ट्रीय चिह्न सारनाथ के स्तम्भ से लिया गया था।

प्रश्न (vi)
अशोक के ज्यादातर अभिलेख किस भाषा में लिखे गये हैं?
उत्तर-
अशोक के ज्यादातर अभिलेख ब्राह्मी लिपि में लिखे गये हैं।

प्रश्न 4.
अशोक के धम्म में निहित मानव मूल्यों को लिखें।
उत्तर-
कलिंग के युद्ध के बाद अशोक को मानव के प्रति संवेदना उत्पन्न हुआ। 'मानव' जो युद्ध में मारे जाते हैं निर्दोष ज्यादा होते हैं। मनुष्य को शांतिपूर्ण और सदाचारी बना सकते हैं। बड़ों का आदर करना चाहिए। छोटों को सम्मान, माता-पिता एवं गुरुजनों का आदर करना चाहिए। साथी, दास सभी से उचित व्यवहार करना चाहिए। वृद्धों की सेवा करनी चाहिए।

प्रश्न 5.
आओ चर्चा करें :

BiharBoardSolutions.com

प्रश्न (i)
अशोक ने अपने विचार, प्राकृत भाषा में ही क्यों खुदवाये ?
उत्तर-
अशोक के साम्राज्य में अनेक प्रांत थे, लेकिन ज्यादातर प्रांतों में ब्राह्मी लिपि थी, प्राकृत भाषा संरल थी। अतः उसने अपने विचारों को प्राकृत भाषा में खुदवाये।

प्रश्न (ii)
अशोक के प्रशासन की कौन-कौन-सी बातें आज के प्रशासन में भी देखने को मिलती हैं ? चर्चा करें ।
उत्तर-
न्याय की व्यवस्था, 'कर इकट्ठा करने की व्यवस्था, प्रजा का ध्यान, सड़कों और यात्रियों पर ध्यान।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न (iii)
अशोक अपने से पहले आने वाले राजाओं से किन बातों में अलग लगते हैं ?
उत्तर-
अशोक के पहले राजाओं में कर्मकाण्डों , धर्म पर ज्यादा विश्वास करते, प्रजा की भलाई के लिए काम करते. साम्राज्य के विस्तार पर ज्यादा ध्यान देते। अशोक ही एक ऐसा सम्राट था जो कलिंग पर विजय पाने के बाद साम्राज्य का विस्तार न करने, युद्ध न करने की प्रतिज्ञा ली और मानव कल्याण की बात सोची।

प्रश्न 6.
आओ करके देखें :

प्रश्न (i)
उन वस्तुओं की सूची बनायें जिन पर अशोक चिह्न आपको मिलते हैं?
उत्तर-
सिक्के पर, नोट पर, राष्ट्रीय झंडे पर, पुरस्कारों पर, विशिष्ट स्थानों पर।

प्रश्न (ii)
अशोक के धम्म में तुम और कौन-कौन बातों को जोड़ना चाहोगे ?
उत्तर-
शिक्षा पर विशेष ध्यान, सभी धर्मों का आदर करना, ऊँच-नीच का भेद-भाव न करना।

प्रश्न (iii)
बिहार में अशोक से जुड़े अभिलेखों की सूची बनाये।
BiharBoardSolutions.com
उत्तर-
जहानाबाद की पहाड़ी की तीन गुफाओं की दीवारों पर अभिलेख, सारनाथ के अभिलेख, राजपुरवा के स्तम्भ।

https://www.evidyarthi.in/